**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

# मंत्रिमंडल के लिए अक्तूबर,2020 के माह का मासिक सार

**I. वित्तीय उपलब्धियां/ जारी राशि :**

योजना आवंटन का 34.98%31 अक्तूबर, 2020 तक जारी कर दिया गया था।

**II. (क) गांधी जयंती का आयोजन**:

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती समारोह के लिए स्कूलों में देशव्यापी गतिविधियों का आयोजन किया। छात्रों द्वारा गांधीजी के जीवन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित माहवार गतिविधियाँ, स्कूल परिसर और उसके आसपास विशेष सफाई अभियान, शिक्षकों / संसाधन व्यक्तियों द्वारा सत्यता और अहिंसा के विभिन्न पहलुओं पर प्रात: काल सभा में भाषण, गांधीजी के जीवन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्कूलों में निबंध और पेंटिंग कार्यशालाएं आदि आयोजित की गईं।

**(ख) राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन:**

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया जिसमें सभी स्कूली छात्रों के लिए शपथ ग्रहण समारोह, सरदार वल्लभभाई की थीम पर निबंध लेखन / वाद-विवाद प्रतियोगिता, 'राष्ट्रीय एकता' की थीम पर स्लोगन राइटिंग या पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जैसे ऑनलाइन कार्यकलापों का आयोजन किया गया। और छात्रों को 'ज्ञान, परंपरा, प्रथाएं औरभारत कीविरासत' विषय पर 26 अक्टूबर से 10 नवंबर, 2020 की अवधि के दौरान MyGov.in पोर्टल पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में सीबीएसई, केवीएस, एनवीएस और अन्य संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**(ग) सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडबल्यू) 2020 का आयोजन:**

जन जीवन में सतर्कता पर अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए, स्कूलों से अनुरोध किया गया था कि वे केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट के आधिकारिक पोर्टलhttps://pledge.cvc.nic.in/ पर 27.10.2020 से 02.11.2020 की अवधि के दौरान शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और वरिष्ठ छात्रों (कक्षा X से XII) को 'ई-सत्यनिष्ठा शपथ' अर्थात 'नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा' लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

III. **महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और कार्यकलाप/पहल:**

क. **नीति संबंधी विचार विमर्श /बैठकें :**

| महत्वपूर्ण मुद्दे/विकास | | |
|---|---|---|
| **क्रमांक** | **विषय** | **सार** |
| 1 | निष्ठा | माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा 01.10.20 को शिक्षकों के लिए ऑनलाइन निष्ठा का शुभारंभ। |
| 2 | समग्रशिक्षा | समग्र शिक्षा के प्रोग्रामेटिक और वित्तीय मानदंडों को संशोधित किया गया और 28.10.20.20 को राज्यों को उनकी टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया।<br>सचिव (एसई एंड एल) ने सचिव (व्यय) को आवर्ती घटक के अंतर्गत पहली किश्त के रूप में 75% तक जारी करने की अनुमति देते हुए मानदंडों में छूट और स्पष्टीकरण हेतु पत्र भेजा। |
| 3 | एनईपी | एनईपी कार्यान्वयन की स्थिति रिपोर्ट तैयार की गई और उसे माननीय ईएम द्वारा समीक्षा के लिए 09.10.2020 को प्रस्तुत किया गया।<br>एनईपी कार्यान्वयन योजना पर राज्यों से प्राप्त प्रतिक्रिया के विश्लेषण हेतु विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया। |
| 4 | माध्यमिक शिक्षा | नए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए योजना तैयार करने हेतु 19.10.2020 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। |
| 5 | 21 अक्तूबर, 2020 को आयोजित पढ़ना लिखना अभियान (पीएलए) की पीएबी बैठक | वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक कार्रवाई योजनाओं और बजट पर विचार करने और उसे अनुमोदित करने के लिए प्रौढ़ शिक्षा की केंद्रीय प्रायोजित योजना, पढ़ना लिखना अभियान (पीएलए) की परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) की बैठक, सचिव (एसई एंड एल) की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। विचार-विमर्श और चर्चा के बाद राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक कार्य योजनाओं को बैठक में विधिवत अनुमोदित किया गया। |
| 6 | स्कूलों को दोबारा खोलने हेतु दिशानिर्देश | कोविड -19 के बाद स्कूलों को फिर से खोलने के लिए एसओपी/ दिशानिर्देश दिनांक 5.10.2020 को जारी किए गए हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | स्टार्स परियोजना | स्टार्स परियोजना के अंतर्गत स्वतंत्र सत्यापन एजेंसी (आईवीए) के कार्य के लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफ़पी) को 3 संस्थानों अर्थात आईआईटी दिल्ली, आईआरएमए आनंद और आईआईएम इंदौर को पुनः जारी किया गया है। |

| महत्वपूर्ण बैठकें | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्रमांक** | **दिनांक** | **अध्यक्षता में** | **प्रतिभागी** | **विषय** |
| 1 | 1.10.2020 और 15.10.2020 | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | बुनियादी साक्षरता मिशन संबंधी समिति की बैठक |
| 2 | 1.10.2020 | - | श्री विपिन कुमार जेएस (समन्वय) | बहुदाता न्यास निधि (एमडीटीएफ) पर विश्व बैंक की बैठक। |
| 3 | 1.10.2020 | - | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | एनईपी में एफ़एलएन प्रावधानों पर नेक्सस ऑफ गुड वेबिनार में भाग लिया। |
| 4 | 6.10.2020 | सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता ) | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | दीक्षा प्लेटफ़ॉर्म पर मॉड्यूल के लॉन्च को अंतिम रूप देने के लिए सचिव (एसई एंड एल) की अध्यक्षता में निष्ठा की समीक्षा बैठक। |
| 5 | 7.10.2020 | सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता ) | सभी ब्यूरो प्रमुख | संशोधित अनुमान 2020-21 और बजट अनुमान 2021-22को अंतिम रूप देना |
| 6 | 7.10.2020 | श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव (फंड बैंक और ओडीबी), / आर्थिक कार्य विभाग | श्री विपिन कुमार जेएस (समन्वय) | विश्व बैंक से सहायताप्राप्त पाइपलाइन परियोजनाओं के लिए एक पाइपलाइन समीक्षा बैठक |
| 7 | 7.10.2020 | - | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | सचिवों के क्षेत्रीय समूह द्वारा तैयार किए गए पाँच वर्षीय विजन दस्तावेज़ में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की प्रगति। |
| 8 | 7.10.2020 | माननीय शिक्षा मंत्री | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | समग्र शिक्षा, एएलटी योजनाओं के तहत बजट की समीक्षा पर बैठक। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 8.10.2020 | सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता ) | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | स्कूल शिक्षा के लिए नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा और प्रारंभिक बाल्यकाल देखभाल और शिक्षा की तैयारी (एनसीईआरटी द्वारा किया गया कार्य/की गई प्रगति ) |
| 10 | 9.10.2020 | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | श्री जे. पी. पांडे निदेशक और श्री अनिल भांदुला डीएस | समीक्षाओं का प्रारूप निर्धारित करने के लिए समग्र शिक्षा की समीक्षा और निगरानी के संबंध में पूर्व-बैठक |
| 11 | 09.10.2020 | ईए, एसई एंड एल | श्री पी. के. बाली , डीएस | ईज ऑफ डूइंग बिज़नस, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग |
| 12 | 12.10.2020 | सचिव | सभी ब्यूरो प्रमुख और स्वायत्त संगठनों के प्रमुख | दिनांक 15.10.2020 को राज्य सभा कोपलोट बैठक के संबंध में तैयारी बैठक |
| 13 | 13.10.2020 | श्री विपिन कुमार और श्री मनीष गर्ग, जेएस | संबंधित राज्य सचिव / एसपीडी | गुजरात, छत्तीसगढ़, एचपी, यूपी, हरियाणा, पंजाब के राज्यों की समग्र शिक्षा की समीक्षा और निगरानी। |
| 14 | 13.10.2020 | सचिव (समन्वय) मंत्रिमंडल सचिवालय | श्री जे. पी. पांडे, निदेशक | डीबीटी भारत पोर्टल पर डीबीटी योजनाओं के लिए एलजीडी शिकायत जिला स्तर के आंकड़ों की रिपोर्टिंग में प्रगति पर चर्चा करने के लिए बैठक। |
| 15 | 14.10.2020 | एनडीएमए | श्री पी. के. सिंह, डीएस | एनडीएमए द्वारा शीत लहर जोखिम न्यूनीकरण पर राष्ट्रीय वेबिनार |
| 16 | 15.10.2020 | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | गोवा, केरल, तमिल | समग्र शिक्षा की अर्धवार्षिक समीक्षा और निगरानी बैठक |
| 17 | 15.10.2020 | अध्यक्ष, कोपलोट | श्री विपिन कुमार जेएस (समन्वय) | कोपलोट समिति की बैठक में भाग लिया और समग्र शिक्षा तथा एनसीटीई के संबंध में प्रस्तुति दी। |
| 18 | 16.10.2020 | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | राजस्थान, बिहार, झारखंड | समग्र शिक्षा की अर्धवार्षिक समीक्षा और निगरानी बैठक |
| 19 | 19.10.2020 | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | पूर्वोत्तर राज्य | पूर्वोत्तर राज्यों के लिए समग्र शिक्षा की समीक्षा और निगरानी बैठक |
| 20 | 20.10.2020 | सचिव (एसई | श्री मनीष गर्ग | नीति आयोग के आउटपुट और आउटकम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | एंड एल) | जेएस (एसएस-II) | मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क (ओओएमएफ़) पर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक। |
| 21 | 20.10.2020 | सचिव (एसई एंड एल) | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | एसई एंड एल, एमएसडीई, राज्यों, एनसीईआरटी, सीबीएसई, केवीएस, एनवीएस, एनआईओएस आदि के साथ एनईपी के वीई घटक के अभिसरण और कार्यान्वयन पर कार्यशाला का आयोजन किया। |
| 22 | 21.10.2020 | सचिव (एसई एंड एल) | स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और संबंधित मंत्रालयों/ विभागों से पीएबी सदस्य, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी आदि। | वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक कार्रवाई योजनाओं और बजट पर विचार करने और उसे अनुमोदित करने के लिए प्रौढ़ शिक्षा की केंद्रीय प्रायोजित योजना, पढ़ना लिखना अभियान (पीएलए) की परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) की बैठक, सचिव (एसई एंड एल) की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। विचार-विमर्श और चर्चा के बाद राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक कार्य योजनाओं को बैठक में विधिवत अनुमोदित किया गया। |
| 23 | 22.10.2020 | श्री विपिन कुमार, जेएस समन्वय | सभी संघ राज्यक्षेत्र | संघ राज्यक्षेत्रों के साथ समग्र शिक्षा की अर्धवार्षिक समीक्षा और निगरानी बैठक |
| 24 | 23.10.2020 | अध्यक्ष सीबीएसई | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | एनडीईएआर स्कोप उप समूह की बैठक |
| 25 | 26.10.2020 | सचिव (एसई एंड एल) | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | एनसीईआरटी द्वारा विकसित एफ़एलएन के मसौदा अधिगम परिणामों पर चर्चा करने के लिए बैठक। |
| 26 | 26.10.2020 | - | श्री मनीष गर्ग जेएस (एसएस-II) | शिक्षा नीति सुधार संवाद पर ओईसीडी 2020 कार्यशाला में भाग लिया और भारत के कदमों के बारे में जानकारी दी। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | 26.10.2020 | प्रो. एन. वी. वरघीस एनआईईपीए | श्री पी. के. बाली डी.एस. | दिव्यांगजनों के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए यूनेस्को / अमीर जबेर अल-अहमद अल-जबर अल-सबा पुरस्कार और यूनेस्को / पोलैंड सह प्रायोजित फैलोशिप कार्यक्रम इंजीनियरिंग साइकिल 2020 के लिए उपयुक्त नामांकन की जांच करने हेतु। |

**ख. स्वायत्त निकाय गतिविधियां:**

| संगठन | गतिविधियां |
|---|---|
| **केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस)** | 1. कोविड -19 पर जन प्रतिक्रिया :<br>कोविड-19 पर जन स्वास्थ्य प्रतिक्रिया के लिए सभी हितधारकों के संवेदीकरण हेतु विद्यालयों को व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।<br><br>2. नई शिक्षा नीति (एनईपी) :<br>क) केवीएस ने एनईपी के अनुसार अनिवार्य विषयों, कौशलों के पाठ्यचर्या एकीकरण पर कार्य शुरू कर दिया है।<br>• सभी केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा VIII में कृत्रिम बुद्धिमता को व्यावसायिक विषय के रूप में शुरू किया गया है।<br><br>इसके अलावा, स्थानीय कौशल आवश्यकताओं को उनकी संभावनाओं और वर्तमान परिप्रेक्ष्य और भविष्य में इनकी उपयोगिता के आधार पर इनसे संबंधित इनकी मांग के अनुसार कक्षा-VI से VIII में व्यावसायिक कौशल को शुरू करने के लिए मैप किया जा रहा है।<br><br>ख) कक्षा 1 और 2 को पढ़ाने वाले सभी पीआरटी तथा मूलभूत साक्षरता और गणना (एफएलएन) पर हैड मास्टरों का संवेदीकरण।<br>• शुरूआती तौर पर कक्षा I और II के लिए शिक्षण एवं अधिगम आधारित क्षमता के संदर्भ में एनईपी 2020 के अनुसार एफएलएन पर प्रारंभिक सामग्री तैयार करने के लिए हैड मास्टरों की एक समिति का गठन किया गया है। अनुकरणीय मॉड्यूल्स को समिति द्वारा तैयार किया जा रहा है और इसमें खिलौना शिक्षण, कला एवं संगीत के एकीकरण को शामिल किया गया है।<br><br>3. अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीसा) :<br>• केवी के अध्यापक दीक्षा पोर्टल पर क्षमता आधारित शिक्षा (सीबीई) का ऑनलाइन प्रशिक्षण ले रहे हैं। |

| | |
|---|---|
| | • पीसा के क्षेत्रीय (ट्रायल) प्रयोग 2021 के लिए छात्रों का नया पंजीकरण और 1170 केवी का मुख्य सर्वेक्षण 2022 पूरा कर लिया गया है, 08 पर कार्य चल रहा है।<br>• नए सीसीटी पोर्टल पर कक्षा-VII से XII तक के सभी गैर-पीसा छात्रों का पंजीकरण कर लिया गया है।<br>• लक्षित छात्रों और अध्यापकों के साथ टीचर अनर्जाइड रिर्सोस मैनुअल (टर्म), 'कोगिटो' और 'द क्वेश्चन बुक' और गणित साक्षरता पर अभ्यास पुस्तिका को ऑनलाइन साझा किया गया है।<br>• एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के पहले 06 अध्यायों दीक्षा/विद्यादान पर कंटेंट तैयार करने और उनकी समीक्षा के सुपुर्द कार्य को पूरा कर लिया है।<br>• सीसीटी मेंटर पीसा-अर्हक छात्रों द्वारा किए गए अभ्यास कार्य की सीसीटी मदों का डोमेन-वार रिकार्ड रख रहे हैं और पाक्षिक आधार पर उनकी प्रगति की मैपिंग करते हैं।<br>• दीक्षा पोर्टल पर 38,477 अध्यापक और 7,81,857 छात्र पंजीकृत हुए हैं। |
| **नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस)** | 1.**सतत शिक्षण योजना (सीएलपी)** :महत्वाकांक्षी जिलों में स्थित जेएनवी सहित सभी जेएनवी में सतत शिक्षण योजना कार्यान्वित की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि छात्रों की पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्री, प्रश्न बैंक और वर्कशीट तक पहुंच हो। अध्यापक ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं। प्रज्ञाता दिशा-निर्देश और शिक्षण वृद्धि दिशा-निर्देश का पालन किया जा रहा है।<br><br>छात्रों के पास उपलब्ध डिवाइस की मैपिंग की जा रही है और तदनुसार छात्रों को ऑन-लाइन एवं ऑफ-लाइन मोड में पढ़ाया जा रहा है। जिन छात्रों के पास डिवाइस नहीं है उन्हें मेल/कूरियर के द्वारा एएसी, कार्य, प्रश्न और उत्तर आदि उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। हैड मास्टर और प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों के प्रश्नों, जिज्ञासा को दूर करने संबंधी कक्षाओं का लैड-लाइन एवं नियमित संपर्क के माध्यम से व्यवस्था भी की जाती है। डाटा को सीपीएल ट्रैकर पर अपलोड किया जाता है। छात्रों को शिक्षण एवं काउंसलिंग सहायता लगातार दी जा रही है।<br><br>2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020:एनईपी 2020 को सभी हितधारकों में परिचालित कर दिया गया है।<br>जेएनवी में तीन स्तरों (जेएनवी स्तर, क्षेत्रीय स्तर और मुख्यालय स्तर), पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित 12 विषयों पर 'संप्रेषण सामग्री तैयार करने' के लिए अध्यापकों की ऑन-लाइन प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। 10 सर्वोतम प्रविष्टियां एनसीईआरटी को भेजी गई हैं।<br>एनईपी ट्रैकर के माध्यम से कार्य-वार इनपुट्स को साझा किया गया है। छात्रों, |

| | |
|---|---|
| | अध्यापकों, अभिभावकों और अधिकारियों ने एनईपी पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को देखा।<br><br>3. ऑनलाइन शिक्षण:विभिन्न ऐप और टूल्स जैसे गुगल मीट, व्हाट्स अप,गुगल क्लास रूम, जूम ऐप, क्विजेस, माइक्रो सॉफ्ट टीम आदि के प्रयोग से ऑनलाइन शिक्षण को प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। सृजनात्मक शिक्षक भी ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित कर रहे हैं और संबंधित विषयों में छात्रों को समुचित अभ्यास करवा रहे हैं।<br><br>4. **एनवीएस में निष्ठा और दीक्षा का कार्यान्वयन**:सभी जेएनवी में निष्ठाकार्यान्वयन आभासी अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दीक्षा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए विधियां और पोर्टल पर सही डाटा भरने की आवश्यकता को दीक्षा पोर्टल के उदाहरण के साथ अच्छी तरह से समझाया गया।<br><br>5. **पीसा**:सभी जेएनवी में पीसा पोर्टल संबंधी सीसीटी अभ्यास के बारे में बताया गया।<br><br>6.**कोविड जागरूकता शपथ/गतिविधियां**:एनवीएस में 'जन आंदोलन-कोविड-19' के भाग के रूप में 9 और 10 अक्तूबर को कोविड जागरूकता शपथ और रैली का आयोजन किया गया।<br><br>7. **फिट इंडिया फ्रीडम रन**:जेएनवी में फिट इंडिया फ्रीडम रन का 01 अक्तूबर, 2020 को आयोजन किया गया। |
| **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)** | 1. **परीक्षा**<br>• सभी शिकायतों (कोविड-19 से संबंधित शिकायतों सहित) और अन्य जन शिकायतों का हितधारकों की संतुष्टि स्तर तक सफलतापूर्वक निपटान किया गया;<br>• वरिष्ठ स्कूल स्तर (कक्षा -XII)की पूरक परीक्षाओं का परिणाम09.10.2020को सफलतापूर्वक घोषित किया गया है।<br>• माध्यमिक स्तर (कक्षा X) की पूरक परीक्षाओं का परिणाम 12.10.2020 को सफलतापूर्वक घोषित किया गया।<br>• कक्षा -X और कक्षा - XII के परीक्षा परिणाम के अंकों का सत्यापन, उत्तर-पुस्तिका की फोटो प्रति मांगना और पुन: मूल्यांकन के लिए समय सूची क्रमश: 12.10.2020 और 09.10.2020 को घोषित की गई।<br>• महामारी के कारण स्कूलों द्वारा कक्षा 9 और 11 के लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख को बिना किसी लेट फीस के 07.10.2020 से बढ़ाकर |

19.11.2020 किया गया है।

- महामारी के कारण स्कूलों द्वारा 2021 की बोर्ड परीक्षा हेतु 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एलओसी (उम्मीदवारों की सूची) को जमा करने की अंतिम तारीख को बिना लेट फीस के 07.09.2020 से बढ़ाकर 19.10.2020 किया गया है;
- प्राइवेट छात्रों के लिए कक्षा -X और कक्षा-XII के पंजीकरण फार्म 24.10.2020 से 11.11.2020 तक शुरू किए गए।

**2. अकादमिक और प्रशिक्षण**

अप्रत्याशित कोविड-19 महामारी के कारण, सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों ने अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए रिपोर्ट शिक्षण-प्रणाली को अपनाया है। बोर्ड में इस बीमारी को सामाजिक संक्रमण से रोकने के लिए स्कूलों को ऑनलाइन/फोन पर कार्य करने जैसे विभिन्न उपाय सुझाए हैं। अक्तूबर, 2020 के महीने में स्कूलों को निम्नलिखित उद्घोषणाएं/परामर्श जारीकिए हैं:

1. 04से **10** अक्तूबर**,** 2020 तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाना
2. गणित अभ्यास पुस्तक जारी करना

   सीबीएसई ने 21वीं सदी के कौशल जैसे विश्लेषणात्मक सोच और प्रश्न हल करने को बढ़ावा देने के लिए गणितीय साक्षरता: अभ्यास पुस्तक को साझा किया गया है। यह वर्क बुक कक्षा 7 से 10 तक के छात्रों को वास्तविक जीवन से संबंधित समस्याओं को जांचने और उनको हल करने के लिए तैयार की गई है।

3. कक्षा **X** और **XII** के सैम्पल प्रश्न-पत्र (2020-21)

   सीबीएसई ने 2021 में होने वाली परीक्षा के लिए कक्षा - X और XII हेतु सैम्पल प्रश्न-पत्र तैयार किए हैं। ये प्रश्न-पत्र निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं:

   कक्षा X: http://cbseacademic.nic.in/SQP_CLASSX_2020-21.html

   कक्षा XII: http://cbseacademic.nic.in/SQP_CLASSXII_2020-21.html

4. अध्यापकों के लिए कला-एकीकृत उदाहरण प्रतियोगिता

   सीबीएसई ने अध्यापकों को कला-एकीकृत शिक्षण को एक साधन के रूप में अपनाने हेतु उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित करने के लिए सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के अध्यापकों हेतु पहली कला-एकीकृत उदाहरण प्रतियोगिता की उद्घोषणा की है। यह प्रतियोगिता 14 अक्तूबर से शुरू होकर 14 नवंबर, 2020 तक चली।

प्रश्नों और संबंधित डाटा का अक्तूबर, 2020 के लिए विवरण निम्नानुसार है:-

| विषय | इकाई-विषय | तारीख | यूनिक डिवाइस | कंटेंट प्ले | प्ले की अवधि (घंटों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लिशपढ़ना | किशोरों में पढ़ने की आदत | 28सितंबर– 4 अक्तूबर | 5,422 | 17,385 | 692 |
| हिंदी - पढ़ना | विज्ञापन पुस्तिका-साहित्य यात्रा | 5 अक्तूबर- 11 अक्तूबर | 5,826 | 18,605 | 597 |
| गणित | संख्या-खेल | 12 अक्तूबर– 18 अक्तूबर | 4,296 | 12,980 | 460 |
| विज्ञान | पराली जलाने का मामला | 19 अक्तूबर – 25 अक्तूबर | 4,975 | 15,643 | 557 |
| इंग्लिश पढ़ना | वीवर्स (सरोजिनी नायडू की कविता) | 26 अक्तूबर – 1 नवंबर | 4,582 | 16,655 | 647 |

- **ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र**

  अक्तूबर,2020 के माह में 16 सीओई द्वारा अध्यापकों के लिए 1490 ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में 85900 अध्यापकों ने रजिस्टर किया।

**3. सूचना और प्रौद्योगिकी संबंधित**

• कक्षा X / XII की परीक्षा के बाद की गतिविधियाँ। परिणाम प्रसंस्करण, संकलन, मिलान और प्रसार। कम्पार्टमेंट परीक्षा सितंबर,2020 की सांख्यिकीय रिपोर्टों का डेटा विश्लेषण और सृजन

• डिजिटल लॉकर के माध्यम से कक्षा XII के छात्रों के लिए कम्पार्टमेंट परीक्षा 2020 से संबंधित डिजिटल दस्तावेज प्रदान करना।

• डिजिटल लॉकर के माध्यम से दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए कम्पार्टमेंट परीक्षा 2020 से संबंधित डिजिटल दस्तावेज प्रदान करना।

• कंपार्टमेंट परीक्षा 2020 के लिए सत्यापन / फोटोकॉपी / पुनर्मूल्यांकन पोर्टल

| | |
|---|---|
| | की पुनः इंजीनियरिंग और लॉन्चिंग।<br>• परिणाम उपरांत अंकों के सत्यापन, फोटोकॉपी और पुनर्मूल्यांकन से संबंधित डेटा का संकलन और प्रसंस्करण।<br>• परीक्षा 2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु निजी उम्मीदवारों के लिए एक पोर्टल- **व्यक्तिगत परीक्षार्थी**की पुन: इंजीनियरिंग और लॉन्चिंग।<br>• छठी और नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन जेएनवी अनुप्रयोगों के लिए पोर्टल की शुरूआत और निगरानी।<br>• जवाहरनवोदय विद्‌यालयसमिति के लिए एनवीसीएमटीएम एप्स की पुनः इंजीनियरिंग और शुरुआत।<br>• सभी प्रकार की सांख्यिकीय सूचनाओं के लिए एकीकृत डैशबोर्ड का शुभारंभ।<br>• परिणाममंजुषा में फेस मेचिंग टेक्नोलॉजी का परिचय दिया गया।<br>• शिक्षकों की शैक्षणिक योजना और वर्गीकरण सुझाव पोर्टलके साथ इसके एकीकरण हेतुवार्षिक शैक्षणिक योजना पोर्टल का शुभारंभ।<br>• सीबीएसईसंबद्ध स्कूलों के शिक्षकों के लिए कला-एकीकृत प्रतिमान प्रतियोगिता का शुभारंभ।<br>• सलाहकार के लिए ऑनलाइन भर्ती आवेदन पोर्टल का शुभारंभ। |
| **राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)** | • 12 से16 अक्टूबर2020 तकआभासी मोड में केरल राज्य के लिएसमग्र शिक्षा के तहतकार्यान्वित आईटी-आईटीईएस सेक्टर में व्यावसायिक विषय जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर पर एकशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>• व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार कौशल पर मास्टर ट्रेनर्सतैयारकरने के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम12 से16 से2020 अक्टूबरतक आभासी मोड में आयोजित किया गया था।<br>• विद्‌यालयों में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को मजबूतकरने के लिए प्रमुख पदाधिकारियों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम26 से30 अक्टूबर2020 तकआभासी मोड में आयोजित किया गया था।<br>• ऑटोमोटिव सर्विस टेक्नीशियन (टू और थ्री व्हीलर) पाठ्‌यक्रमके जॉब रोल से संबंधितछात्र पाठ्‌यपुस्तकतैयार करने केलिए एक कार्यशाला का आयोजन पीएसएससीआईवीई, भोपालमें21 सितंबर से1 अक्टूबर2020 तककिया गया था।<br>• पीएसएससीआईवीई, भोपाल में5 से9 अक्तूबर,2020 तक सिंचाई सेवा |

| | |
|---|---|
| | तकनीशियनके जॉब रोल से संबंधित छात्रपाठ्यपुस्तकतैयार करने केलिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था।<br>• दसवीं कक्षा के लिए माइक्रोफाइनेंस एग्जिक्यूटिव के लिएछात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एक कार्य समूह की बैठक और बारहवीं कक्षा केलिए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट एंड फैसिलिटेटर का आयोजन28 सितंबर2020 से02 अक्टूबर2020 तककिया गया था।<br>• संगठित खुदरा क्षेत्र में कक्षाXI औरXII के लिए वितरक विक्रेता के लिए छात्र पाठ्यपुस्तक के विकास केलिए एक कार्य समूह की बैठक28 सितंबर2020 से02 अक्टूबर2020 तक आयोजित की गई थी।<br>• संगठित खुदरा क्षेत्र में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिएहेरिटेज टूर गाइड के लिए छात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एक कार्य समूह कीबैठक28 सितंबर2020 से2 अक्टूबर2020 तक आयोजित की गई थी।<br>• पीएसएससीआईवीई, में5 से16 नवंबर2020 तकभोपाल के सोलर वाटर पंप तकनीशियनके जॉब रोल से संबंधितछात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एक कार्यशाला का आयोजनकिया गया था।<br>• 12 से16 अक्टूबर2020 तकभोपाल के पीएसएससीआईवीई, में दसवीं कक्षा के लिए बेकिंगतकनीशियन के छात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एक कार्य समूह की बैठक आयोजित कीगई।<br>• 12 से14 अक्टूबर2020 तकपीएसएससीआईवीई, भोपाल में निर्यात सहायकके जॉब रोल के लिए कक्षाXI औरXII केछात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था।<br>• इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में ग्यारहवीं कक्षा के लिए छात्रपाठ्यपुस्तक एयर कंडीशनर के विकास के लिए एक कार्यशाला का आयोजन पीएसएससीआईवीई, भोपाल में12 से21 फरवरी2020 तक किया गया।<br>• कक्षाXI के लिए कृषि मशीन ऑपरेटरके जॉब रोल से संबंधित छात्रपाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एक कार्यशाला का आयोजन पीएसएससीआईवीई, भोपाल में19 से29 अक्टूबर, 2020 तक किया गया था।<br>• कक्षा IX के लिएअसिस्टेंट ब्यूटी वेलनेस कंसलटेंट से संबंधितपाठ्यपुस्तक की समीक्षा, विकास और अंतिम रूप देने के लिए एककार्य समूह की बैठक 19 से23 अक्टूबर2020 तकआयोजित की गई थी।<br>• कक्षाXI औरXII केलिए टूर गाइड के जॉब रोल के लिए छात्र पाठ्यपुस्तक की समीक्षा के लिए एक कार्यसमूह की बैठक का |

| | |
|---|---|
| | आयोजन पीएसएससीआईवीई, भोपाल में19 से21 अक्टूबर2020 तक किया गया था।<br>• पीएसएससीआईवीई, भोपालमें21 से23 अक्टूबर2020 तककक्षा9 और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट एंड फैसिलिटेटर के लिए माइक्रो फाइनेंस एक्जीक्यूटिव केजॉब रोल के लिए छात्र पाठ्यपुस्तक की समीक्षा के लिए एक कार्य समूह कीबैठक आयोजित की गई थी।<br>• कक्षाXIके लिए एग्रीकल्चरमशीन ऑपरेटर जॉब रोल के लिए छात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए पीएसएससीआईवीई, भोपालमें 19 से29 अक्टूबर2020 तक कार्यशाला का आयोजन किया गया।<br>• दूरसंचार क्षेत्र में कक्षा12 केलिए ऑप्टिकल फाइबर तकनीशियन के जॉब रोल पर छात्र पाठ्यपुस्तक के विकास के लिए एककार्यशाला का आयोजन26 से29 अक्टूबर2020 तक किया गया था।<br>• शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान में ऑनलाइन पाठ्यक्रम केलिए पाठ्यक्रम सामग्री की समीक्षा करने के लिए वर्चुअल मोड में20 से23 अक्टूबर2020 तकएक समीक्षा कार्यशाला आयोजित की गई थी।<br>• टीचिंग इकोनॉमिक्स के प्रायोगिक तरीकों पर एक वेबिनार16 अक्टूबर2020 को आयोजित किया गया था।<br>• राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर परिषद ने अंग्रेजी और हिंदी में प्रश्नोत्तरी आइटम और दिशानिर्देशतैयार किए।<br>• समान और समावेशी शिक्षा पर एक वेबिनार: लर्निंग फॉर ऑल काआयोजन14 अक्टूबर2020 को किया गया था।<br>• एनसीईआरटीके सभी आरआईईकेप्रदर्शन बहुउद्देशीय स्कूल शिक्षकों के लिए निष्ठाप्रशिक्षणकार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।<br>• उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान में ऑडियो-वीडियो संसाधनों केविकास के लिए एक पटकथा लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। |
| **राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)** | • पीएम ई- विद्या पर लाइव टेलीकास्ट : अक्टूबर, 2020 केमहीने में214 लाइव सत्र माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर प्रसारित किएगए थे।<br>• मुक्तविद्या वाणी पर रेडियो कार्यक्रम : इसकाउद्देश्य शिक्षार्थियों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) का संचालनकरना है।<br>• रेडियो वाहिनी - एफएम91.2 मेगाहर्ट्ज, सामुदायिक रेडियो स्टेशन: एनआईओएसमुख्यालयकी12-15 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थानीय |

| | |
|---|---|
| | समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करता है।<br>• एनआईओएस ने भारतीय ज्ञान परंपरा धारा के तहत 5 विषय (संस्कृत, वेद, योग, विज्ञान औरव्यावसायिक कौशल) में पाठ्यक्रम विकसित किए हैं<br>• एनसीईआरटीके लिए वीडियो ट्यूटोरियल तैयार करना:वीडियो ट्यूटोरियल पीएम ई- विद्या पर उपलब्ध होंगे। वीडियो निम्नलिखित विषयों में तैयार किए गए थे: समाजशास्त्र, भूगोल, लेखा, अर्थशास्त्र।<br>• एनआईओएस ने शिक्षुओं के लिए अधिगम को अधिक आकर्षक और व्यापकबनाने के लिए वर्कशीट तैयार करना शुरू किया है।<br>• दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए अधिगम सामग्री : पीएम ई- विद्याके तहत अंग्रेजी, होम साइंस और डाटा एंट्री ऑपरेशन केविषय में सांकेतिक भाषा में वीडियो की रिकॉर्डिंग की जा रही है ।<br>• एनआईओएस,दीक्षा पोर्टल और एनआईओएसवेबसाइट परलाइव ऑडियो प्रोग्राम आयोजित कर रहा है।<br>• एनआईओएसमाध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरोंके लिए एमओओसीकाराष्ट्रीय समन्वयक है। वर्तमान में एनआईओएसमाध्यमिकस्तर पर18 एमओओसीपाठ्यक्रम और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर20 पाठ्यक्रम प्रदान करता है।<br>• अक्टूबर, 2020 माह के दौरान तीन नए एमओओसीपाठ्यक्रम - मशरूम उत्पादन, हेयर केयर एंड स्टाइलिंग और सामुदायिक स्वास्थ्य शुरू किए गए। |

## ग. ई-अभिशासन के कार्यान्वयन की स्थिति

ई-ऑफिस इस विभाग में पूरी तरह से लागू है। सूचना का आदान-प्रदान, संचार और ट्रांजेक्शन ई-ऑफिस/ई-मेल के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकारों/अन्य मंत्रालयों/स्वायत्त संगठनों के साथ बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाती हैं।